numerous off-campus internship opportunities directly to the students. This effort led to more than 130 internship offers. With in-house projects, we also collaborated with Internshala to run special campaigns for IIT (BHU) students to avail various internship opportunities.

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी

हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 04–18, 2020)

संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 04.09.2020 से दिनांक 18.09.2020 तक किया गया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित आयोजन किये गए–

1. हिन्दी पखवाड़ा का उदघाटन :

संस्थान में 04 सितंबर, 2020 को हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्य किये गए–

- संस्थान में वर्ष 2019–20 के अंतर्गत हिन्दी में किये गये कार्यों की आख्या प्रस्तुत की गयी।
- हिन्दी पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर निदेशक महोदय की अपील जारी की गई।
- संस्थान के प्रशासनिक भवन में हिन्दी आदर्श–घोषों की पताकाएँ प्रदर्शित हुई।

2. हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी :

संस्थान के मुख्य ग्रंथालय में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत हिन्दी के पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन 04 सितंबर 2020 से 18 सितंबर 2020 तक किया गया । उक्त प्रदर्शनी में हिन्दी से संबन्धित विभिन्न पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध था।

3. काव्य गोष्ठी का आयोजन :

संस्थान में 12 सितंबर, 2020 को ऑनलाइन मंच पर काव्य संध्या का आयोजन हुआ। निदेशक महोदय ने अध्यक्षता की। उक्त कार्यक्रम का संयोजन आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग एवं संचालन डॉ. भावना वर्मा, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग ने किया। कवि आचार्य प्रयास चतुर्वेदी, फ्रेंच विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने मुख्य अतिथि के रूप में काव्य संध्या को गौरवान्वित किया। आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. अनीता मोहन, आचार्य संजय कुमार पांडेय, आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, आचार्य बी. मिश्रा एवं डॉ. भावना वर्मा ने मोहक काव्य पाठ प्रस्तुत किये । कार्यक्रम के अंत में, आचार्य संजय कुमार शर्मा, खनन अभियांत्रिकी विभाग ने काव्य संध्या को सफल बनाने पर कार्यक्रम के अध्यक्ष, संयोजक, संचालक, कवियों और श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।

4. हिन्दी दिवस समारोह :

संस्थान में दिनांक 14.09.2020 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन ऑनलाइन मंच पर गूगल मीट के माध्यम से किया गया, जिसमें संस्थान के लगभग 42 शैक्षणिक और प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम संस्थान के निदेशक महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुआ। हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति– 2020 के अध्यक्ष आचार्य संजय कुमार पांडेय द्वारा स्वागत सम्बोधन किया गया एवं आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री जी के संदेश का वाचन किया गया। संस्थान के कुलसचिव डॉ. शुभेन्दु प्रकाश माथुर द्वारा हिन्दी पखवाड़ा की अवधि में संस्थान में आयोजित कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सतीश देशपांडे, अतिरिक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर ने हिन्दी पर व्याख्यान दिया। डॉ. देशपांडे ने भाषा के साथ भावनात्मक सम्बन्धों पर बल दिया तथा मानवीय मूल्यों और पारिवारिक संवेदनाओं के संरक्षण हेतु बच्चों की शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना आवश्यक बताया।

संस्थान के निदेशक आचार्य प्रमोद कुमार जैन द्वारा कार्यक्रम का अध्यक्षीय सम्बोधन प्रस्तुत किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में निदेशक महोदय ने नई शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक शिक्षा के मातृभाषा में दिये जाने का उल्लेख किया तथा संस्थान में हिन्दी के प्रति बढ़ते अनुराग पर प्रसन्नता प्रकट की।

कार्यक्रम का समापन संस्थान के संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) श्री राजन श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।